# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सोमवार, तिथि 30 जुलाई, 1990 ई०

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में सोमवार, तिथि 30 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष श्री **गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि 30 जुलाई, 199 ई०

**चन्द्रशेखर शर्मा**
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर

### आवंटन को रद्द करना

**100. श्री लालचन्द महतो :** क्या मंत्री उद्योग विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि–

**प्रभारी मंत्री :**

(1) क्या यह बात सही है कि बोकारों उद्योग प्राधिकार के प्रबंध निदेशक द्वारा अनियमित ढंग से 50 एकड़ ग्रीन लैण्ड का जमीन जो जमीन पार्क आदि के लिए था का आवंटन करने से मना है आवंटन कर दिया गया है ।

(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है । बोकारो औद्योगिक क्षेत्र की कोई भी भूमि ग्रीन लैण्ड के नाम से या पार्क के लिए सरकार द्वारा सुरक्षित नहीं रखी गयी है ।

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड–1 का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अवैध ढंग से आवंटित ग्रीन लैण्ड रद्द करना चाहती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

(2) उपरोक्त खंड–1 के उत्तर के आलोक में भूखंड रद्द करने का प्रश्न नहीं उठता है ।

---

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### कमीशन में वृद्धि

**1800. श्री कृष्ण कुमार मिश्रा :** क्या मंत्री ईख विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

**श्री रामनाथ ठाकुर :**

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सहकारिता समितियों के

(1) वस्तुस्थिति यह है कि बिहार ऊख (आपूर्त्ति एवं खरीद का